कार्यालय जिला जज, हापुड़।

कार्यालय विज्ञप्ति

13.07.2023

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 14/एडमिन (डी) सेक्शन, दिनांकित: 15.10.2022 के माध्यम से पूर्व में निर्गत परिपत्र सं0 41/एडमिन (डी) सेक्शन दिनांकित: 14.04.1980 के अनुक्रम में जनपद न्यायालयों सगे सेवानिवृत्त कर्मचारीगण की नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन पत्र दिनांक 22.07.2023 की सायं 05:00 बजे तक द्वितीय लिपिक, प्रशासनिक कार्यालय में आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्रम सं0	पदनाम	वेतनमान	रिक्त पदों की संख्या	संबंधित पद से सेवानिवृत्त कार्मिकों को दिये जाने वाले मानदेय की धनराशि
1	Chief Administrative Officer	15600-39100 G.P. 5400	1	Principal of last pay drawn minus amount of pension
2	Head Assistant	9300-34800 G.P. 4200	6	As above
3	Senior Assistant	5200-20200 G.P. 2800	26	As above
4	Junior Assistant	5200-20200 G.P. 2000	2	As above
5	Stenographer Grade-I	9300-34800 G.P. 4600	2	As above
6	Stenographer Grade-II	9300-34800 G.P. 4200	3	As above
7	Daftari/Bundle Lifter	5200-20200 G.P. 1800	3	As above
8	Process Server/Notice Server	5200-20200 G.P. 1800	3	As above
9	Orderly/Office Peon/Peon	5200-20200 G.P. 1800	2	As above

नोट:–

1– उक्त पदों का वेतनमान संबंधित पद पर आवेदक को मिलने वाले अंतिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

2– उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष या उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने में से जो भी पहले हो, तक के लिए होगा।

3– चयनित कर्मचारीगण की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

4– आवेदक की विगत पूर्व 05 वर्षों की चरित्र पंजिका सही हो। आवेदक का पूर्ववर्ती आचरण (past record) व ए0सी0आर0 उसकी नियुक्ति का आधार होगा।

5– आवेदक पर कोई आपराधिक मुकदमा लंबित एवं पंजीकृत न हो।

6– उक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन–पत्र, दिनांक 22.07.2023 को सायं 05:00 बजे तक द्वितीय लिपिक, प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय हापुड़ को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति के संबंध में जनपद न्यायालय हापुड़ से सेवानिवृत्त समस्त कर्मचारीगण को सूचना प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। केन्द्रीय नाजिर उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय हापुड़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराया जाना तथा एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, हापुड़ को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

सिस्टम असिस्टेंट को निर्देशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय हापुड़ की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय को पत्र प्रेषित किया जाए।

अध्यक्ष, 12/7/23

पुनर्नियुक्ति समिति/

अपर जिला जज पोक्सो–तृतीय,

हापुड़।

जनपद न्यायालय हापुड़ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के संबंध में

आवेदन पत्र

(As per C.L. No. 14/Admin 'D' Section Dated: 15.10.2022)

आवेदित पद का नामः..

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

1– आवेदक का नामः...

2– पिता/पति का नामः...

3– जन्म तिथिः...

4– सेवानिवृत्ति की तिथिः...

5– अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)

....

6– फोटोयुक्त पहचान–पत्र (पहचान पत्र/आधार कार्ड व अन्य वैध पहचान पत्र की प्रति संलग्न करें)

7– स्थायी पताः–..

....

8– अस्थायी पताः–..

....

9– मोबाईल नंम्बरः–...

10– शैक्षणिक योग्यताः..

नोटः– अंतिम आहरित वेतन व अंतिम आहरित पेंशन आदेश की प्रति इस आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूं/कर रही हूं कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जनपद न्यायालय हापुड़ में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूं। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गई है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

जनपद न्यायालय हापुड़ में मेरे विरूद्ध या मुझसे संबंधित कोई आपराधिक/सिविल वाद विचाराधीन नहीं है।

मैं प्रमाणित करता हूं/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस संबंध में मेरे विरूद्ध की गई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैने आवेदन संबंधी सभी नियम/शर्तो का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांकः–